# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

उपभोक्ता मामलों के केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा **आकांक्षी जिला** कार्यक्रम के तहत गढ़वा जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने आज आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विभागों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकांक्षी जिला को विकसित बनाने की दिशा में हर संभव कार्य कर रहे हैं। बैठक में सभी कमियों को जल्द से जल्द दूर करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो काम साठ साल में नहीं हुए, वह पिछले दस साल में हुए हैं।

******************

हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने कटकमदाग अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और भूमि मामलों और कार्यालय प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने अद्यतन पंजियों में गड़बड़ी पर नाराजगी जताई उन्होंने सीओ और बीडीओ को कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक कर क्षेत्रीय रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

******************

आजसू के केंद्रीय महासचिव और ईचागढ़ विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी हरेलाल महतो को कोर्ट अवमानना के मामले में गिरफ्तार कर सरायकेला जेल भेजा गया। माइंस एंड मिनरल मामले में समन के बावजूद पेश नहीं होने पर कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उनके चालक मनोज मंडल को भी हिरासत में लिया गया। अदालत ने दोनों को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा।

******************

अफीम की अवैध खेती के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में बुंडू थाना क्षेत्र के दशम फॉल थाना क्षेत्र में छह एकड़ भूमि पर की गयी अफीम की खेती को नष्ट किया गया। बुंडू के एसडीपीओ ने बताया कि इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

******************

आज पराक्रम दिवस है। यह दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्रालय ओडिशा के कटक में तीन दिन का समारोह आयोजित कर रहा है। कटक नेताजी की जन्मस्थली है। झारखंड समेत देश के अन्य हिस्सों में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर श्रद्धाजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी साहस और धैर्य के प्रतीक थे।

******************

इधर, लोहरदगा जिले में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर पावरगंज चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। एसपी हारिस बिन जमां और अन्य अधिकारियों ने नेताजी को नमन किया। मौके पर लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी।

******************

केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित **सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना** के अंतर्गत किसानों के खेतों की मिट्टी की निःशुल्क जांच कर सॉइल हेल्थ कार्ड दिया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

खूंटी जिले के कचहरी मैदान में गणतंत्र दिवस परेड का रिहर्सल किया गया, जिसमें सीआरपीएफ, जिला बल, महिला बटालियन और विभिन्न स्कूलों की 10 टुकड़ियां शामिल रहीं। उपायुक्त लोकेश मिश्रा और एसपी अमन कुमार ने परेड का निरीक्षण कर दिशा–निर्देश दिए।

******************